## खबर संक्षेप



### युवक पर टूटकर गिरा छज्जा, दबने से मौत

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 भुतही तालाब के पीछे रहने वाले राकेश तिवारी उम्र 53 वर्ष बारिश के बीच घर के आंगन में छज्जा किनारे बैठे थे। तभी अचानक छज्जे का एक हिस्सा टूटकर सीधे उनके ऊपर गिरा। ऐसा अंदेशा जताया जा रहा है कि तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली छज्जे के ऊपर गिरी, जिससे छज्जे का एक हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिरने से यह हादसा हुआ, क्योंकि छत का छज्जा घटना से पहले सही सलामत था। आनन-फानन में परिवार के लोग पड़ोसियों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार लेकर आए, लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली छज्जे पर गिरी जिससे छज्जा टूटकर नीचे गिरने से यह हादसा हुआ। पड़ोसियों ने बताया कि राकेश तिवारी काफी सहज एवं शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके अचानक ऐसे चले जाने से पूरे मोहल्ले में मातम पसर गया। हादसे की सूचना अस्पताल से तहरीर के माध्यम से थाने भेजी जा गई। कार्रवाई पूरी कर पुलिस ने शव का शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। उसके बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया। थाना प्रभारी बुढार संजय जायसवाल ने बताया कि मामले पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### लोगों ने श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**शहडोल।** जब तक है जल तब तक सुरक्षित है कल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनप्रतिनिधि,व्यापारी, गणमान्य नागरिक, जन अभियान परिषद, स्वयं सेवी , समाजसेवी जल का संरक्षण करने का संदेश दे रहे है । इसी कड़ी में शहडोल जिले के ग्राम विजहा में लोगों ने जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत तालाब में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेष दिया गया।

### एमजीएम के कक्षा 10 एवं कक्षा 12 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**धनपुरी।** विगत बुधवार को 10 वीं आईसीएसई एवं 12 आईएससी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमे एमजीएम हायर सेकेण्ड्री स्कूल धनपुरी के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। इस वर्ष 2024-25 कक्षा 10 वीं में 53 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 48 विद्यार्थियों ने प्रथम एवं 5 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय के अनुभव मिश्रा ने 93.2 प्रतिशत, राजवीर सिंह ने 91.8 प्रतिशत तथा गीत जैन ने 91.6 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृत्या स्थान अर्जित किया। कक्षा 12 वी में 24 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिसमे 21 विद्यार्थियों ने प्रथम तथा 2 छात्रों ने द्वितीय स्थान अर्जित किया, जिसमे आर्यन पटेल ने 85.2 प्रतिशत (प्रथम), अर्पिता तिवारी एवं दिव्यांगना सिंह ने (द्वितीय) तथा भविष्य मान्यवाणी ने 80.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रों की सफलता पर प्राचार्य फ़ादर जोश के वर्गीज, उपप्राचार्य श्रीमती जॉर्जिना ग्रेस एवं समस्त शिक्षकगण ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 4 से 6 हुए गैंगरेप के आरोपी कोर्ट में हुए पीड़िता के बयान



उसी का शहर वही मुद्दई वही मुंसिफ

## पीड़िता के कॉल डिटेल खोल सकती हैं दर्जनों बंद दरवाजे

उर्दू के मशहूर लेखक अमीर $कज़बाश की दशकों पहले लिखी गई नज्म उसी का शहर वही कातिल, वही मुद्दई, वही मुंसिफ, हमें यकीन है गलती हमारी ही निकलेगी, शहडोल में हुए अपहरण और गैंगरेप के मामले में सटीक बैठती नजर आ रही है।

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**

शुक्रवार को इस मामले में जहां आरोपी चार से छः हुए, वहीं डिप्टी जेलर के मामले में पुलिस स्थिर नजर आई। वहीं पीड़िता की कॉल डिटेल में दर्जनों शोहदों के नाम की चर्चाएं शहर में सुनी जाने लगी।

गुरूवार और शुक्रवार के पूरे दिन संभागीय मुख्यालय के साथ ही पुलिस व जेल महकमें में डिप्टी जेलर के ऊपर लगे अपहरण के आरोप और नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप में सामने आये युवकों को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा। शुक्रवार को गैंगरेप के छः आरोपियों को सोहागपुर पुलिस ने मेडिकल करवाने के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया, वहीं दूसरी ओर माननीय न्यायालय के समक्ष पीड़िता के बयान भी दर्ज कराये गये, इधर डिप्टी जेलर विकास की गिरफ्तारी और उन पर लगे आरोपों का मामला शुक्रवार को ठण्डे बस्ते में ही पड़ा रहा। हालाकि गैंगरेप का मामला सोहागपुर थाने में दर्ज हुआ, लेकिन डिप्टी जेलर और कृष्णा होटल कोतवाली अंतर्गत स्थित होने के कारण दोनों ही थानों की पुलिस इस मामले में दिन भर जुटी रही, हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण मुख्यालय के अधिकारी पूरे दिन इस मामले पर नजर बनाये हुए थे।



मुट्ठी में कानून लेकर अपहरणकर्ता बना रही वर्दी

### 4 से 6 हुए गैंगरेप के आरोपी

गुरूवार को किशोरी के बयानों के बाद गैंगरेप का खुलासा हुआ और कई युवकों की धरपकड़ की गई। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने गुरूवार को मीडिया के सामने पहले 4 नाम रखे थे, लेकिन बीते वर्ष 2024 में भी नाबालिग के साथ हुई घटना की जांच फिर शुरू हुई और शुक्रवार को कुल मिलाकर 6 युवकों को गैंगरेप का आरोपी बताया गया, पुलिस सूत्रों पर यकीन करें तो, भविष्य में यह नाम और भी बढ़ सकते हैं, संभवतः पुलिस पीड़िता की कॉल डिटेल आदि को भी जांच के दायरे में ले सकती है।

### वीडियो बनाकर करते थे ब्लैकमेल

पुलिस ने बताया कि गैंगरेप के 6 आरोपियों में से कुछ आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहे थे, पुलिस को दिये गये बयान में पीड़िता ने बताया कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया था, जिसे सार्वजनिक करने के नाम पर ब्लैकमेल किया जाता था, गुरूवार की सुबह जहां डिप्टी जेलर के नाम व पद के कारण मामला प्रदेश भर की सुर्खियों में रहा, वहीं शुक्रवार को गैंगरेप और 4 से 6 हुए आरोपियों के साथ ही रेप के दौरान बदमाशों द्वारा बनाये गये वीडियो को लेकर सुर्खियों में था। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने समीर खान, आफताब खान उर्फ छोटू,आकिब खान, सरफराज खान, भूरा उर्फ भूपेंद्र सिंह, अनमोल सिंह को गिरफ्तार किया जिन्हें माननीय न्यायालय में पेश किया गया।



## छात्राओं ने जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए निकाली जागरूकता रैली

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल के संरक्षण एवं जल स्त्रोतों को बचाए रखने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी हॉस्टल पांडव नगर में अधीक्षिका सुधा पटेल के नेतृत्व में छात्राओं ने जल संरक्षण संबंधी नारे के साथ में जागरूकता रैली निकाली। रैली में पानी कों कैसे बचाया जा सकता है,पानी के बीना जीवन संभव नहीं। इसके लिए हम वर्षा आने के पूर्व जल संरक्षण के बारे में योजना बनाकर कार्य करना है। रैली के दौरान भविष्य में आने वाले जल संकट से निपटने के लिए हमें छोटे-छोटे बदलाव करके ब्रश करते समय नल बंद रखें, जहां कहीं पानी टपकता दिखे उसको तुरंत बंद करें और जहां पर पानी के स्रोत है वहां की नियमित साफ-सफाई रखें, बरसात के समय अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की गई। जल जागरूकता रैली हॉस्टल से प्रारंभ होकर वन विभाग के पास स्थित तालाब की साफ-साफ सफाई में समाप्त हुई, जिसमें हॉस्टल की छात्राएं, समस्त कर्मचारी, राहगीर खुशबू पटेल,अंशिका यादव, द्रोपती सोंधिया, बलिराम, छोटू, उपस्थित रहे।

# पेड़ों का दुश्मन बना अमिरुदीन

**धनपुरी।**

वृक्षों के अंधाधुंध कटान से मानव जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पारा 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने को है। आग उगलती जमीन और सिर पर सूर्यदेव की तपिश से बचने के लिए पेड़ों की छाया ढूंढी जा रही है, लेकिन यही आलम रहा तो छाया दूर तक नसीब नहीं होगी। हरे-भरे वृक्ष माफिया की जकडऩ में हैं। पेड़ मरते जा रहे हैं और जिला प्रशासन इस विनाश को होते देख रहा है। वह दिन दूर नहीं जब जिले में दूर तक पेड़ नहीं दिखेंगे। होंगी तो बस कंक्रीट कंस्ट्रक्शन और तपती चौड़ी सडक़ें और खुला आसमान। विभाग की मिलीभगत से तमाम जंगल उड़ता जा रहा है। धनपुरी कब्रस्तान क्षेत्र में



पूर्व टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अमिरुदीन जानु कॉम्पलेक्स के मालिक की टेक्सी से प्रतिदिन 1 से 2 पेड़ काट रहा है। धनपुरी कब्रस्तान क्षेत्र में फिजा और पर्यावरण में जहर घुलता जा रहा है। ऐसे में जहां प्राणवायु यानी ऑक्सीजन की कमी होने लगी है, वायुमंडल में कार्बनडाइ ऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है। पेड़ों की लगातार कटाई होने की वजह से दिन प्रतिदिन वन क्षेत्र घटता जा रहा है। यह पर्यावरण की दृष्टि से बेहद चिंतनीय है। जीवन के लिए घातक है। विभिगीय अधिकरियों की मिलीभगत से पेड़ों को काटाकर वृक्षों के संरक्षण के लिए बने नियम और कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इससे प्राकृतिक संरचना बिगड़ रही है। जो स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो रहा है।

## कलेक्टर एवं सीईओ ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा की

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**

प्रदेश सरकार द्वारा 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य जन सहभागिता से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा संबधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्य किए जाने हैं। जिसके लिए स्थल चयन तथा हितग्राहियों के चयन का कार्य पूरा कर लिया जाए तथा सभी कार्य 3 दिवस के भीतर संचालित कर लिए जाए।



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुआं रिचार्ज, खेत तालाब निर्माण, चेक डैम, स्टाप डैमों में बोरी बंधान एवं कड़ी शटर लगाने का कार्य एवं कपिल धारा कूप का निर्माण, धार्मिक स्थलों एवं प्रचीन बावडिय़ों का जीर्णोद्धार, नदियों की साफ-सफाई तथा वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन आदि की कार्यवाही पूरी कर ली जाए। आपने निर्देश दिए कि अभियान को जन अभियान बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, रैली, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी प्रमुखता से किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बसें रूकती हैं अथवा सार्वजनिक स्थलों में जन सामान्य को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्कूल शिक्षा विभाग डीपीसी तथा सहायक अयुक्त आदिवासी विकास एवं महिला एंव बाल विकास विभाग अपने विभाग से संबंधित शासकीय भवनों की सूची संबंधित ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत को सौंप कर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें।

सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिले में 3415 खेत तालाब के हितग्राही तथा 459 कुआं रिचार्ज के कार्य चयनित कर लिए गए हैं। इसी तरह 320 नवीन तालाब, 8719 चेक डैम, 189 स्टाप डैमों में कड़ी शटर लगाने का कार्य तथा 576 प्राचीन बावडिय़ों के जीर्णोद्धार के कार्य चयनित किए गए हैं। 607 खेत तालाब, 107 कुआं रिचार्ज सहित तालाब जीर्णोद्धार एवं नवीन तालाबों के निर्माण का कार्य प्रगति मे है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह धुर्वे, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एमपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल अक्षत बुन्देला, सीईओ जनपद पंचायत तथा एपीओ जनपद पंचायत उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया गांजे की खेती करने वाले का पर्दाफाश

**उमरिया।** जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत पुलिस ने ग्राम बरतराई में गांजे की खेती का पर्दाफाश किया है, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गुरुवार को छापामार कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को उसके घर में गांजे की खेती करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान गया सिंह गोंड के रूप में हुई है, जो ग्राम बरतराई का निवासी है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव बरतराई में एक व्यक्ति अपने घर में प्रतिबंधित गांजे की खेती कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के आंगन और बाड़ी में सात नग गांजे के हरे पेड़ पाए गए। इसके साथ ही आरोपी



के घर से कुल 666 ग्राम सूखा गांजा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके से सभी गांजे के पेड़ और बरामद गांजा जब्त कर आरोपी गया सिंह गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(ए) के तहत मामला पंजीबद्ध कर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। शुक्रवार को आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की संभावना है। इस कार्रवाई में सिविल लाइन थाना प्रभारी ब्रज किशोर गर्ग के नेतृत्व में एएसआई वीरेंद्र सिंह, आरक्षक रोशन, राजेंद्र सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के लिए एक सशक्तिकरण का प्रतीक: विधायक

### उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया लाड़ली लक्ष्मी उत्सव, बेटियां सम्मानित

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के मानस भवन में उत्साह एवं उमंग क साथ लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्रीमती मनीषा सिंह माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश की बेटियों के लिए एक सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के अंतर्गत बेटियों को जन्म से लेकर शिक्षा तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके।

**महिलाएं चल रहे कंधा से कंधा मिलाकर**

विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत 2 मई 2007 से प्रारंभ की गई, जिसका उद्धेश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना और अपने सपनो को साकार करना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित जा रही है, लाड़ली बहना योजना, लक्ष्मी योजना, स्व- सहायता समूह, महिलाओं के लिए





आरक्षण जैसे अन्य योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज कंधे से कंधे मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढक़र मां-बाप, गांव जिला, प्रदेश देश का नाम रोशन कर रही है।

**बालिका शिक्षा को बढ़ावा**

कार्यक्रम को बाल किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य प्रदीप सिंह ने सम्बोंधित करते हुए कहा कि सरकार लाड़ली लक्ष्मी योजना क प्रत्येक लाभार्थी बालिका के नाम से 1.43 लाख रुपये तक की सहायता राशि चरणबद्ध रूप से प्रदान करती है। इसका उद्धेश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, बाल विवाह की रोकथाम करना और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। कार्यक्रम को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे ने भी सम्बोधित किया। लाड़ली उत्सव के दौरान अपराजिता कार्यक्रम के अंतर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों को पुरूस्कृत, लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। साथ ही लाडली क्लब की सदस्य बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा किया गया।


**वितरित किये गये प्रमाण-पत्र**

लाड़ली लक्ष्मी योजना के पात्र बेटियो को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया, जिसमें अर्षिता चौधरी, सनिया खान, नित्या हलवाई, दृष्टि असवानी आदि के नाम शामिल है। इसी प्रकार लाड़ली उत्सव में लाठी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाली गोल्डी पाल, अंचल वर्मा, कसिका, दृष्टि शुक्ला के नाम शामिल है। इस अवसर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोज लारोकर, परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल, श्रीमती कल्याणी बाजपेई, संजीता भगत, निभा गुप्ता सहित काफी संख्या में बालिका उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय एवं लाडली उत्सव के तहत बालिका शिवानी सोनी ने किया।

**लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के दौरान विधायक ने किया पौधरोपण**

आज लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम के दौरान विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पर्यावरण को हरा भरा बनाने के उददेष्य से पौधरोपण किया। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम के दौरान विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने बाल विवाह न करने के लिए उपस्थिति अधिकारियों, जनप्रतिनिधियो, महिलाएं एवं बालिकाओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे, बाल किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य प्रदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास मनोज लारोकर, परियोजना अधिकारी आनंद अग्रवाल, श्रीमती कल्याणी बाजपेई, संजीता भगत, निभा गुप्ता सहित बालिका उपस्थित थी।

अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार, जिला-शहडोल (म.प्र.)
मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
आशीष नामदेव



**OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL SHAHDOL Distt. SHAHDOL (M.P.)**

N.I.T. No./ 1781/ NPshahdol/e-tendering/ Date 02.05.2025

**Notice Inviting Tender First Call**

Online PERCENTAGE RATE bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S.No. /Pkg. /Code | Name of Work | District | Portable Amount (Rs. In Rupies) | EMD (in Rupees) | Cost of Docu-ment (in Rupees) | Category of Contr-actor | Period of Comp-letion (in Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_42066_1 | LT Extension in ward no. 24 of municipal council SHAHDOL | SHAHDOL | 328163/- | 3281/- | 2000/- | ELECTRICAL CONTRACTOR REGISTAR-TION IN ANY CLASS | 01 Month |

1. Interested bidders can view the detailed NIT & Other document on website https://mptenders.gov.in/nicgep/app (Department Name: "Urban Development Department"). 2. The Bid Document can be purchased only online from (time) 03.05.2025 (date) 10.30AM TO 17.05.2025, 17:30PM 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

Chief Municipal Officer Nagar Parishad Shahdol District-Shahdol (M.P.)

## खबर संक्षेप

### खेत तालाब, अमृत सरोवर का किया गया कार्य

**उमरिया हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राज्य सरकार के निर्देशानुसार उमरिया जिले में भी जल संरचनाओं के नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं गहरीकरण का कार्य अभियान के रूप में शुरू किया गया है। अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अब तक 708 के लक्ष्य के विरूध्द 30 खेत तालाब, 1100 के लक्ष्य के विरूध्द 515 डगवेल रिचार्ज एवं 05 अमृत सरोवर का कार्य पूरा कर लिया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की पहल पर जिले के नदी नालों में बोरी बंधान का कार्य जन प्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं नागरिकों एवं जन अभियान परिषद के वालंटियरों की सहायता से बढ़चढकर किया जा रहा है। जिले में अब तक 80 जल स्त्रोतों पर सफलतापूर्वक बोरी बंधान का कार्य किया जा चुका है। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में भी नगरीय निकायों द्वारा अभियान के तहत जल स्त्रोतों के निर्माण,पुरानी संरचनाओं के नवीनीकरण हेतु सात परियोजनाओं के माध्यम से 160 लाख रुपए की लागत के कार्य स्वीकृत कर प्रारंभ किए गए है जो 30 जून के पूर्व पूर्ण कर लिए जाएंगे। नगरीय निकायों के द्वारा कराए जा रहे कार्यों में पुराने बड़े तालाबों का गहरीकरण,पार्क निर्माण वृक्षारोपण आदि शामिल है।

### लाड़लियों को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किया गया

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** रानी दुर्गावती भवन में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित अन्य जनों ने लाड़लियो को आश्वासन प्रमाण पत्र तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली क्लब के अध्यक्षों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर काव्या यादव, चंद्रवती , सोने लाल यादव निवासी भरौला, वान्यान विश्वकर्मा ऊशा, रीतिका कुशवाहा, द्रोपती को लाड़ली आश्वा सन प्रमाण पत्र तथा फ्रेंडली क्ल्ब के अध्यकक्ष , सदस्या जिया रजक, दुर्गा साहू, उशा विश्व कर्मा, राज कुमारी, सोनाक्षी बर्मन, वंशिका बर्मन का सम्मान किया गया।

### 15 मई तक राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अंतर्गत ई केवायसी

**उमरिया, हरिभूमि न्यूज ।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस.परिहार ने बताया कि राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम 2013 के अतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों के ई केवायसी किए जाकर दोहरे, अपात्र, साइलेंन्टर राशन कार्डो का पोर्टल से विलोपन किया जाना है, जिसके लिये 15 मई 2025 तक ईकेवायसी अभियान 2025 के अंतर्गत ग्राम पंचायत के ग्रामवार चालाया जा रहा है । जिसमें ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक एवं उचित मूल्य दुकान के विक्रेता एवं शहरी क्षेत्र में नगरीय वार्ड प्रभारी एवं उचित मूल्य दुकान के विके्रता का दल गठन किया गया है, जिसमें प्रत्येक ग्राम एवं नगरीय वार्ड में शिविर लागाकर शत प्रतिशत सभी सदस्यों का पीओएस मशीन से एवं मेरा ईकेवायसी एप के माध्यम से ईकेवायसी किया जायेगा। राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत वर्तमान में जिले में 140421 परिवारों के कुल 533097 हितग्राहियों सम्मिलित है, जिसमें से 453331 हितग्राहियों के ईकेवायसी की जा चुकी है । शेष 77408 हितग्राहियों के ईकेवायसी 15 मई 2025 तक अनिवार्यतः किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए है । उन्होंने हितग्राहियों से अपील की हैं कि 15 मई 2025 तक उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन से एवं मेरा ईकेवायसी एप के माध्यम से ईकेवायसी कराले जिससे खादयान्न प्राप्त करने में सुविधा हो ।

### रेलवे स्टेशन परिसर में गंदगी का आलम, लाखों खर्च के बाद भी सफाई बदहाल

**कोतमा हरिभूमि न्यूज।** कोयलांचल नगरी के रेलवे स्टेशन कोतमा परिसर में चहुंओर पसरी गंदगी से यात्रियों एवं नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर बने सुविधा घर में भारी गंदगी होने से यात्रीगण महिला एवं पुरुष उसका उपयोग नहीं कर पा रहे। सुविधा घर के बाहर गंदगी फैलाई जा रही।

## वाणिज्य कर विभाग को धोखे में रखकर लिया भुगतान

# मिलीभगत से चल रहा पंचायत में भ्रष्टाचार




### फर्जी बिल के सहारे पंचायत का विकास, जिम्मेदार मौन

**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** अपराध कैसा भी हो, भारतीय न्याय व्यवस्था में अपराध सिद्ध होने पर सजा का प्रावधान है और अपराधियों का सहयोग करने वाले भी सज़ा के हकदार होते है। आम जनता की मेहनत की गाढ़ी कमाई, टैक्स के रूप में सरकार के पास जाती है और उसी जनता की खून पसीने की कमाई से विकास कार्य होते है, जिनकी आड़ में पंचायत स्तर से लेकर जिले में बैठे जिम्मेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। शासकीय राशि के दुरुपयोग, आमानत में खयानत, धोखाधड़ी, शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग जैसे कई अपराध करने वाली एजेंसी और उसके फर्जी भुगतान करने वाले जिम्मेदार अधिकारी और जांच के बाद भी कार्रवाई नही करने वाले अधिकारियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए, इसके बावजूद जिले की जयसिंहनगर जनपद में भ्रष्टाचार का दानव विशालकाय मुंह फैलाए हुए पंचायतों को निगल रहा है। इस दैत्य को भोजन और संरक्षण देने का कार्य पंचायतों में बड़े पदों पर बैठे हुए अफसरान दे रहे हैं। हर दिन पंचायतों में भ्रष्टाचार के नित नए आयाम लिखे जाते हैं और प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी अपने कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में व्यस्त हैं।

### बंद-चालू दोनों नंबरों का उपयोग

बाल गोविंद तिवारी की फर्म विकास इंटरप्राइजेज को जयसिंहनगर जनपद की दर्जनों पंचायतों से बीते वर्षो में करोड़ों का भुगतान हुआ है, इस दौरान फर्म द्वारा जमकर खनिज की सप्लाई पंचायतों में की गई है, वाणिज्य कर विभाग में फर्म का रजिस्ट्रेशन 01 जुलाई 2017 में कराया था, लेकिन उक्त फर्म 29 नवम्बर 2017 को निष्क्रिय हो गई, इसके बाद श्री तिवारी की 22 जनवरी 2018 में फिर से फर्म का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो आज भी चल रही है, लेकिन उक्त फर्म के संचालक द्वारा चालू और बंद हो चुके वाणिज्यकर नंबरों का खुलकर उपयोग किया जा रहा है।



Search Result based on GSTIN/UIN : 23AMPPT8047D1ZR
BACK
Legal Name of Business: BAL GOVIND TIWARI
Trade Name: VIKAS ENTERPRISES
Effective Date of registration: 01/07/2017
Constitution of Business: Proprietorship
GSTIN / UIN Status: Inactive (Effective from 29/11/2017)
Taxpayer Type: Regular
Administrative Office: (JURISDICTION - STATE) State - Madhya Pradesh, Zone - Jabalpur Zone, Division - Jabalpur Division - 2, Circle - Shahdol
Other Office: (JURISDICTION - CENTER) State - CBIC, Zone - BHOPAL, Commissionerate - JABALPUR, Division - KATNI, Range - RANGE- SHAHDOL
Principal Place of Business: AMJHOR, JANAKPUR ROAD, AMJHOR, AMJHOR, AMJHOR, Shahdol, Madhya Pradesh, 484771
Whether Aadhaar Authenticated?: No
Whether e-KYC Verified?: No
Additional Trade Name: View

### दर्ज कराना चाहिए प्रकरण

जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायतों में जहां-जहां विकास इंटरप्राइजेज ने सप्लाई दी है, वहां जमकर हेरफेर किया गया है। उदासीनता के चलते वाणिज्य कर विभाग इन कार्यों की जांच नहीं करता है। ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के लिए करोड़ों रुपये दिए जा रहे हैं। श्री तिवारी जैसे वेण्डर फर्जी बिल लगाकर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रहे हैं, इसमें जनपद के कुछ अफसरों की भी मिलीभगत है, बगैर मिली भगत यह खेल-खेला जाना मुमकिन नजर नहीं आता, पंचायत को धोखे में रखकर बंद हो चुके वाणिज्य कर नंबर का उपयोग कर फर्म संचालक ने किया है तो, पंचायत या जनपद को चाहिए कि धोखाधड़ी करने का मामला वेण्डर के खिलाफ दर्ज कराया जाये।

### बांट दी बिल बुक

बंद हो चुके वाणिज्य कर नंबर वाले बिलों के संबंध में फर्म संचालक द्वारा दो टूक कहा गया था कि पुरानी बिल बुक पंचायत को दी गई थी, इसका सीधा अर्थ यह है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार बल्क में खाली बिल वेण्डर से लेते हैं और




मनमाफिक भुगतान वेण्डर के खाते में कर देते हैं और अपना कमीशन लेकर शासन को चूना लगाते रहते है, उक्त फर्म के बिलों और खरीदी-बिक्री की अगर विभाग जांच करे तो, वेण्डर की करतूत के साथ ही पंचायत द्वारा कितने फर्जी बिल लगाये गये हैं, यह भी सबके सामने आ जायेगा, लेकिन जिम्मेदारों को वातानुकूलित कक्ष में बैठकर खुद को ईमानदार बताने से फुर्सत नहीं मिल रही है, लेकिन आये दिन मीडिया और शिकायते होने से ईमानदार अधिकारियों की छवि सडक़ पर आ रही है।

# लाड़ली बालिकाओं ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन




### रानी दुर्गावती भवन में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** बेटियों ने हर क्षेत्र में कार्य करके अपने आपको बेहतर साबित किया है । बेटियां पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है, जिससे उनकी समाज में साख बढ़ी है, मान सम्मान बढ़ा है । उक्त आशय के विचार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिंह कुशराम ने रानी दुर्गावती भवन में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह तक व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा बेटी के जन्म लेने पर लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ, स्कूल जाने पर निशुल्क सायकल, छात्रवृत्ति , महाविद्यालय में अध्ययन करने वाली बालिकाओं को गांव की बेटी योजना का लाभ तथा विवाह योग्य होने पर मुख्यमंत्री कन्या , विवाह योजना का लाभ प्रदाय किया जा रहा है। बेटियां इन योजनाओं का लाभ लेकर अपना भविष्य संवार रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने कहा कि बेटी है तो कल है । बेटियां एक घर का नही बल्कि दो घरों का नाम रोशन करती है । जिस घर में बेटियों का जन्म होता है, वहां साक्षात देवियों का वास होता है । प्रदेश सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी योजना संचालित करके बेटियों के जीवन को सुरक्षित किया है। उन्होंने बालिकाओं से अपील करते हुए कहा कि वे भी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने अध्यापन का कार्य करते हुए अपने माता पिता, स्कूथ्ल , जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को लाड़ली बालिकाओ ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं का सम्मान, लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान, लाड़ली लक्ष्मी बालिका को आश्वासन प्रमाण पत्र वितरण, लाड़ली लक्ष्मी क्बल की अध्य्क्ष एवं सदस्यों व्दारा क्लब की गतिविधियों के संबंध में अनुभव साझा, लाडली बालिकाओं व्दारा संगीत, नृत्य, अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां, एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम से लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौध रोपित किए गए ।

# सभी माइनिंग सरदारों को मिलेगा चार्ज अलाउंस श्रीकांत शुक्ला



**जमुना/बदरा हरिभूमि न्यूज।** जमुना कोतमा क्षेत्र के एचएमएस के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि पकामगार साथियों जैसा कि आप सबको मालूम है कि कोयला मजदूर सभा एच एम एस जमुना कोतमा क्षेत्र ने भदरा 7&8के सभी माइनिंग सरदार के चार्ज एलाउंस का मुद्दा उठाकर लगभग 6 माह से निरंतर प्रयासरत रहा है। श्री शुक्ल ने बताया कि इसके लिए काफी संघर्ष भी करना पड़ा लेकिन बताते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि अंततः संगठन को अपने मकसद में कामयाबी मिली है और इसी अप्रैल माह के वेतन में भदरा 7&8के माइनिंग सरदार का बढ़ा हुआ 1.30घंटे का चार्ज एलाउंस का पेमेंट होने जा रहा है इस संघर्ष में भदरा 7&8 के माइनिंग सरदार की एक जुटता तथा पूरे क्षेत्र के स्टॉफ ओर कर्मचारियों के संघर्ष और सहयोग से सफलता हाथ लगी है शुक्ल ने कहा कि साथियों अभी संगठन बहोत से गंभीर मुद्दों को हल कराने के काफी करीब है जल्द ही आप लोगों को कई खुश खबरी एक साथ मिलने वाली है जिसमें प्रमोशन, 132 लोडर का MGB का एरियर्स रवि साहू एवं मुन्ना यादव का MGB बेशिक में जोड़कर एरियर्स का भुगतान अनीता बेद, दिनेश पटेल का एरियर्स आदि है।

# सरकारी ज़मीन पर फिर शुरू हुआ अवैध निर्माण

**अनूपपुर, हरिभूमि न्यूज ।** सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा कोई नई बात नहीं रही लेकिन जिस ढंग से धनगवां के अखिलेश गौतम ने शासकीय भूमि पर सेप्टिक टैंक बनाना शुरू किया है और प्रशासन चुपचाप उसे बनते देख रहा है। सबसे पहले 2019 में स्थगन आदेश उसके बाद 25 मार्च 2025 को पटवारी की रिपोर्ट पर नायब तहसीलदार ने एक बार फिर निर्माण रोकने का आदेश जारी किया खसरा नंबर 441/1/2/1 की 111.967 वर्गफीट की ज़मीन पर अवैध निर्माण को तुरंत बंद करने को कहा गया, लेकिन ये आदेश सिर्फ कागज़ पर रहे, रुकी नहीं अवैध निर्माण जिस ज़मीन पर एक-एक ईंट भी बिना अनुमति के नहीं रखी जा सकती, वहां दबंग अखिलेश गौतम खुलेआम निर्माण कर रहा है और प्रशासन प्रशासन तो मानो अतिक्रमण प्रोत्साहन समिति का ब्रांड एंबेसडर बन गया है। काग़ज़ों में आदेश निकले, हल्का पटवारी ने रिपोर्ट दी, नायब तहसीलदार ने 25 मार्च 2025 को स्थगन आदेश भी जारी किया मगर ज़मीन पर निर्माण रुकने के बजाय और तेज़ हो गया! क्यों। क्योंकि अधिकारी सिर्फ "आदेश जारी करने की मशीन" बनकर रह गए हैं।



### सिर्फ गरीबों के लिए आरक्षित है कार्रवाई

2019 में भी यही हुआ था तब भी अखिलेश गौतम ने ज़मीन पर कब्ज़ा किया प्रशासन ने आंखें मिचमिचाईं, कागज़ घुमाए, फिर चुप बैठ गया अब 2025 में भी वही हो रहा है मानो फाइलें घुमाना, चाय पीना और रिपोर्ट भेजना ही प्रशासन की पूरी ड्यूटी हो। अब सवाल यह नहीं है कि अखिलेश गौतम कैसे निर्माण कर रहा है सवाल यह है कि प्रशासन आखिर किसकी दलाली खा रहा है। क्यों अफसर आँखें मूँद लेते हैं जब कोई रसूखदार कानून की धज्जियाँ उड़ाता है। क्यों किसी गरीब की दुकान हटाने में जितनी फुर्ती दिखाई जाती है, उतनी हिम्मत इस अवैध निर्माण के सामने क्यूं गायब हो जाती है। जो अधिकारी जितनी ज़्यादा नाकामी दिखाएगा, क्या उसे उतना बड़ा प्रमोशन मिलेगा। क्या प्रशासन अब जनता के नहीं, अतिक्रमणकारियों के हितों का रखवाला बन चुका है। इतनी लाचारी तो किसी कठपुतली में भी नहीं होती, जितनी इस प्रशासन ने दिखाई है। दबंग निर्माण कर रहा है, जनता सवाल कर रही है और प्रशासन बगलें झांक रहा है अब अगर प्रशासन में ज़रा भी नैतिकता बची हो, तो बुलडोज़र लेकर उस सेप्टिक टैंक को तोड़ने जाए वरना साफ मान लीजिए ये पूरा तंत्र बिक चुका है और अगर नहीं बिके हो, तो साबित करो कानून ज़िंदा है।

# कोतमा कन्या मावि के शिक्षक मनोज सोनी हुये सेवानिवृत्त




### समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई का किया गया आयोजन

**कोतमा हरिभूमि न्यूज।** माध्यमिक शाला कन्या विद्यालय कोतमा में पदस्थ शिक्षक मनोज कुमार सोनी की सेवानिवृति पर 30 अप्रैल को पूर्व सी.ए.सी बृजेश कुमार सोनी, प्रधानाध्यापक श्रीमती कल्पना मिश्रा एवं संकुल के शिक्षकों द्वारा समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी आर.के. मिश्रा, संकुल प्रभारी प्राचार्य श्रीमती निर्मला द्विवेदी, एल.के. द्विवेदी बी.आर.सी.सी. कोतमा अजय साह डी.पी.पनिका, वी.एस. पाण्डेय, संजय रस्तोगी, बी.एस.बड़ा, एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज कुमार सोनी न सिर्फ़ छात्राओं के बल्कि अपने अधिकारियों एवं सहकर्मियों के विश्वासपात्र रहे हैं। सोनी म.प्र.शि.संघ के दो बार खण्ड ईकाई तथा एक बार तहसील ईकाई के अध्यक्ष रह चुके हैं। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी आर के मिश्रा ने कहा सेवानिवृत्त तो एक प्रक्रिया मात्र है। मनोज कुमार सोनी एक शिक्षक के साथ ही अच्छे अभिभावक की भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने अपने कर्तव्यों से कभी पीछे नही रहे हैं। वे अपनी शिक्षकीय सेवा से निवृत्त हो रहे हैं उनका मार्गदर्शन हमेशा हम सभी को मिलता रहेगा। प्राचार्य श्रीमती निर्मला द्विवेदी ने कहा कि मनोज सोनी आज अपनी शासकीय सेवा से विदा ले रहे हैं उनका मार्गदर्शन हमे एवं छात्राओं को हमेशा मिलता रहेगा।

जनपद शिक्षा केन्द्र के बी के विश्वकर्मा ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। वह समाज में पथ प्रदर्शक का कार्य करता रहता है। जीवन में अपना किरदार ऐसे निभाएं कि पर्दा गिरने के बाद भी तालियां बजती रहें। कार्यक्रम में शिक्षक साथियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज सोनी को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। ब्रजेश कुमार सोनी ने कविता के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया। सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज कुमार सोनी ने अपने संबोधन में साथी शिक्षकों के सहयोग की सराहना की। सेवानिवृत्त हुए शिक्षक मनोज सोनी को समारोह में उपस्थित सभी शिक्षकों ने सम्मानित किया।

# गुमशुदा इंसानों को अमरकंटक पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**अमरकंटक, हरिभूमि न्यूज ।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पुलिस थाना अमरकंटक द्वारा सात गुम इंसान प्रकरणों में तत्परता पूर्वक की गई कार्यवाही के तहत दस्तयाब कर संबंधित परिजनों को सुपुर्द किया गया उपरोक्त कार्यवाही अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पराजगढ़ नयन तिवारी के कुशल मार्ग निर्देशन में थाना अमरकंटक के नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी एवं उप निरीक्षक पी एस बघेल की सघन की गई कार्यवाही के परिणाम स्वरूप सभी गुम इंसानों को समय रहते दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस थाना अमरकंटक के गुम इंसान क्रमांक 11/25 दिनांक 2 अप्रैल 25 को गुमशुदा मुस्कान सोनी पिता अनिल सोनी उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्रमांक 15 जमुना दादर ग्राम पोस्ट अमरकंटक को कटनी जिला के देवरी से दस्तयाब कर पिता अनिल सोनी को सुपुर्द किया गया उक्त प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव प्रधान आरक्षक प्रवीण कुजूर महिला आरक्षक खुशबू डाबर ने त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा लड़की को दस्तयाब किया था। गुम इंसान क्रमांक 37/23 की गुम इंसान ननकी बाई बघेल पत्नी बाबूलाल बघेल उम्र 24 वर्ष निवासी अचलपुर को दस्तयाब कर फरियादी भद्दू पड़वार नाना को सुपुर्द किया गया उक्त महिला गांव से ही दस्तयाआप किया गया था। गुम इंसान क्रमांक 19/25 की गुमशुदा कंसलाल बनावल पिता गुरु लाल बनावल उम्र 75 वर्ष निवासी कुम्हरवार को को 17 फरवरी 25 को दस्तयाब कर फरियादी पुत्र राजेश कुमार बनावल के सुपुर्द किया गया। उक्त गुम इंसान प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक परसराम धनंजय के द्वारा के द्वारा कार्यवाही कर दस्तयाब किया गया तथा सुपुर्द किया गया। प्रधान आरक्षक पूरन सिंह श्याम के द्वारा थाना अमरकंटक के गुम इंसान क्रमांक 16/25 गुमशुदा गायत्री देवी गायत्री देवी उर्फ पूजा यादव पिता पिता गोविंद प्रसाद यादव उम्र 18 वर्ष ग्राम ग्राम पोस्ट खाटी को 26 अप्रैल 25 को दस्तयाब कर फरियादी पिता गोविंद प्रसाद यादव को सुपुर्द किया गया। पुलिस थाना अमरकंटक के सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव के द्वारा गुम इंसान क्रमांक 17/23 की गुमशुदा काजल देवी पिता शंकर उईके उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 बराती ग्राम पोस्ट अमरकंटक को 28 अप्रैल दस्तयाब कर पिता शंकर उईके को सुपुर्द किया गया। थाना अमरकंटक के प्रधान आरक्षक पूरन सिंह श्याम के द्वारा गुम इंसान क्रमांक 17/25 एवं 18/25 की गुमशुदा की गुमशुदा बबीता बाई तेकाम पत्नी चैन प्रताप तेकाम उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट भेजरी को दिनांक 30 अप्रैल 25 को दस्तयाब कर फरियादी पति चैन प्रताप तेकाम के सुपुर्द किया गया। पवित्र नगरी अमरकंटक के पुलिस थाना में संबंधित फरियादी आवेदकगण अपने संबंधित गुम इंसान के तलाश करने हेतु आवेदन पत्र दिए गए थे इस पर थाना अमरकंटक के सुरक्षा बल द्वारा तत्परता के साथ सघन कार्यवाही कर सभी गुम इंसानों को अतिशीघ्र दस्तयाब कर लिया गया। इस पर अमरकंटक के जन प्रतिनिधियों ने पुलिस कार्यवाही की सराहना की है।

### न्यू राजनगर वॉलीबॉल ग्राउंड में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

**राजनगर हरिभूमि न्यूज ।** न्यू राजनगर वॉलीबॉल ग्राउंड में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप) का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित कौशिक उपस्थित रहे,जबकि कार्यक्रम का आयोजन वॉलीबॉल संघ की सह-सचिव सुमिता शर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समर कैंप के शुभारंभ के दौरान थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन का



विकास होता है। उन्होंने कहा कि राजनगर वॉलीबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत से बच्चों ने खेल भावना और सहयोग की मिसाल पेश की है तथा भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को लगातार आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ खिलाड़ी अजय यादव, लवली शर्मा स्टेट रेफरी (मध्य प्रदेश वॉलीबॉल संघ), जितेंद्र कुमार पनिका, थाना स्टाफ, पत्रकार विजय जायसवाल सहित अनेक खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कोतवाली परिसर में वॉटर कूलर किया गया स्थापित

**कटनी।** बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा इस वर्ष की भीष्म गर्मी में लोगों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मुख्य आतिथ्य में कोतवाली परिसर में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय बहादुर सिंह डीएसपी एवं संस्था के सदस्य श्रीमती काशी विश्वकर्मा, रविकांत राय, राजेश चौधरी, माया गुप्ता, संगीता बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी सहितrराधा विश्वकर्मा सहित समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से किशोरी की मौत

**कटनी।** जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए जब अस्पताल लेकर जा रहे थे तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धरवारा ग्राम की है। बताया जाता है कि कक्षा किशोरी ने बुधवार को अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे पहले शासकीय जिला चिकित्सालय ले गए, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्स्कों ने उसे जबलपुर रिफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही खुशी नें दम तोड़ दिया। किशोरी के पिता नें बताया कि वह 9वीं कक्षा में पढ़ाई पास करके 10वी कक्षा में गईं थी। इस तरह का गंभीर कदम उठाए जाने का अंदेशा भी परिवार को नहीं था, खुशी ने अज्ञात कारणों के चलते इतना बड़ा कदम उठा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिवार को सौंप दिया। परिवार इस घटना से गहरे सदमे में है और उनके घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और परिवार के बयान दर्ज होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

### मजदूरों को मिठाई वितरण कर मनाया मजदूर दिवस

**कटनी।** आम आदमी पार्टी द्वारा मजदूर दिवस पर गल्ला मंडी व बस स्टैंड मे कार्यरत श्रमिकों के मध्य पहुँचकर मिठाई वितरण कर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। व देश के विकास मे श्रमिकों के योगदान हेतु आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर दवारा व्यक्त किया गया कि मजदूरों के बिना किसी भी देश के विकसित राष्ट्र बनने की कल्पना कोर कागज के समान है। देश की सुरक्षा मे जितना सहयोग सेना का है। उतना ही देश के नवनिर्माण मे मजदूरों का सहयोग है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर, प्रकाश जैन, शिवप्रताप सिंह परमार, करण दहिया, काशी पटेल, अर्जुन कुशवाह, सूर्य प्रकाश पटेल आदि साथी उपस्थिति रहे।

### एमजीएम में मुंह के कैंसर का सफल ऑपरेशन व इलाज

**कटनी।** एम.जी.एम. अस्पताल के मैक्सिलोफेशियल हेड एण्ड नेक विभाग में मरीज भूरिया प्रसाद चौधरी 38 वर्ष ने जॉच करवाई। जॉच में मुंह का कैंसर पाया गया जो काफी आगे की स्टेज में पहुँच गया था। कैंसर में आधे से ज्यादा निचला जबड़ा और होंठ शामिल थे। मरीज कई महीनों से जबलपुर में भटकता रहा क्योंकि उसको एडवांस स्टेज कैंसर की सर्जरी के लिए मना कर दिया गया था। मरीज को बीमारी और इलाज के बारे में विस्तार से बताया गया और कई डॉक्टरों की टीम ने एक बड़ी सर्जरी की जिसमें निचले जबड़े के साथ कैंसर को हटा दिया गया और चेस्ट फ्लैप से सर्जरी करके उसका पुनर्निमाण किया गया। आयुष्मान योजना के तहत पूरी सर्जरी पूरी तरह से मुफ्त की गई। मरीज अब ठीक हो रहा है और रेडियोथेरेपी की योजना बनाई जा रही है।

# वृद्ध महिलाओं को साड़ी उपहार स्वरूप भेंट कर किया सम्मान

उमरिया, हरिभूमि न्यूज।अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा मजदूर वर्ग को लोगों को इकत्र कर पाली थाना से प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे की उपस्थिति में मजदूरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिक वृद्ध महिलाओं को साड़ी, पुष्पगुच्छ फल, बिस्कुट, आम रस व पाली बोतल उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया गया।

पाली थाना प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने मजदूरों को सम्मानित करते हुए कहा कि मजदूर देश के विकास के महत्वपूर्ण कड़ी है इसके बिना सहयोग के विकास संभव नहीं है इसलिए हमें मजदूरों के साथ प्रेम और मानवता का व्यवहार करना चाहिए । किसी भी राष्ट्र को आर्थिक रूप से शासन और



सुदृढ़ बनाने में मजदूरों की भूमिका सर्वोपरि होती है मजदूर ही परिवार समाज और राष्ट्र का स्तंभ होता है रात दिन अपने आजीविका के लिए वह मेहनत तो करता ही है लेकिन साथ ही साथ समाज और राष्ट्र को भी समृद्ध बनाता है। खेती से लेकर विज्ञान शास्त्र निर्माण तक मजदूरों की भूमिका सराहनी रही है। हम सभी समाज के लोगों को मजदूरों को सम्मान देने के साथ-साथ उनकी रक्षा और सुरक्षा करने में आगे बढक़र महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने कहा कि देश की भाग निर्माण में श्रमिक समाज की निर्विवाद भूमिका रहती है। प्रारंभ से ही इस वर्ग मैं संघर्ष करते हुए अपना विकास किया है उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि एक क्षमता पूर्ण समाज के निर्माण के लिए मजदूरों ने सदैव बलिदान दिया है चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम हो या आजादी बाद राष्ट्र निर्माण। मजदूर वर्ग का योगदान अविस्मरणीय है और आगे भी रहेगा।श्रम की प्रतिष्ठा हर परिस्थिति में होना ही चाहिए क्योंकि श्रम के कारण ही आज विश्व इस स्थिति में पहुंचा है श्रम से व्यक्ति सुनने से शिखर तक पहुंच सकता है सैम के कारण ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में समर्थ होते हैं।इस दौरान प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,टीम संयोजक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,श्याम बाई, मुन्नी पनिका,आरिका बेगम उपस्थित रहे।

## चंद मिनट में मिलेगी अब टीवी की जांच रिपोर्ट



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.बी.चौधरी ने बताया कि जिला क्षय नियंत्रण समिति उमरिया द्वारा क्षय रोगों की जांच हेतु 1 मिनट में आधुनिक मशीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ट अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन द्वारा रिपोर्ट मिलेगी जिससे आमजन की जांच करने में आसानी होगी। जिला क्षय अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी ने बताया जिले को जिले को टीवी मुक्त अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुरूप टीवी मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने हेतु अब पोर्टेबल मशीनों से गांव-गांव में कैंप लगाकर जांच किया जाएगा । जिले में पहली बार टीवी जांच केंद्र पर मरीजों का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन से रिपोर्ट 1 मिनट में प्राप्त करने के उपरांत अक्षय का इलाज शुरू किया जा सकेगा । आई बेस्ट अल्ट्रा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की खासियत है कि इसे कहीं भी आसानी से ले जाया जा सकता है सभी टीवी केदो पर अब खाकर की जांच रिपोर्ट कुछ ही मिनट में प्राप्त हो सकेगी । जिला क्षय नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी ने बताया कि अब ग्राम स्तर पर आवश्यकता अनुसार कैंप लगाकर यह कार्य को संपादित करेंगे जिससे कि प्रधानमंत्री टीवी मुक्त पंचायत अभियान के तहत विगत समय 64 पंचायत को टीवी मुक्त पंचायत घोषित किया गया था एवं इस वर्ष में अधिक से अधिक ग्राम पंचायत को टीवी मुक्त पंचायत घोषित करने में सफल होगा।

## काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन के आह्वान पर गुरूवार को बैंक मित्रो ने काली पट्टी बांधकर कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सुबह बैंक मित्र कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित हुए इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। बैंक मित्रों ने भोपाल आरबीआई कार्यालय को भेजकर बैंकों पर लक्ष्य पूरा करने के संबंध में दबाव दिए जाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में बताया गया था कि 1 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बैंक मित्रों को समाजिक सुख, बीमा योजनाओं के नाम पर कंपनियों और बैंकों द्वारा बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव व आईडी बंद करने की धमकियों के खिलाफ यह विरोध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं को कराने के लिए बैंक मित्रों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। यदि लक्ष्य पूरे नहीं होते तो आईडी बंद करने की धमकी दी जाती है। बैंक मित्रों ने कहा कि में इन योजनाओं के महत्व को भलीभांति समझते हैं लेकिन यदि किसी खाताधारक पास पहले से ही किसी अन्य बैंक के माध्यम से बीमा योजना है तो उसे दोबारा बीमा कराना संभव नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया मोहन डावर की अध्यक्षता में 1 मई 2025 को समय सायं 5 बजे अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय जिला चिकित्सालय उमरिया के नवीन निर्माधाधीन भवन में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये विधिक सेवाएं योजना), 2015 के विषय पर विधिक साक्षरता षिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहन डावर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया द्वारा सर्वप्रथम मजदूरों सम्मान में ''दो पंक्ति प्रस्तुत की गई- मेहनत करने वालों का कभी अपमान न हो, उनके पसीने की एक-एक बूंद का सम्मान हो'' नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये विधिक सेवाएं योजना), 2015 के संबंध में विधिक सेवा प्रदान करने हेतु उद्देश्य, योजना का नाम, मार्गदर्शक सिद्धांत, विशेष सेलो की स्थापना, उपयुक्त कार्य वातावरण, पुनर्वास योजनाएं, कानूनी सहायता एवं कानूनी प्रतिनिधित्व आदि के बारे में बताया गया। द्वितीय पंक्ति में के.के.शुक्ला, पैरालीगल वॉलेन्टियर द्वारा योजना की कार्ययोजना, असंगठित कामगारों की पहचान, कार्य की शर्ते, एवं न्यूनतम मजदूरी कर का उपयोग कानूनी जागरूकता, कामगार सहायता केन्द्र आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में लगभग 25 मजदूर जन सम्मिलित हुये।



*श्रमिकों को मिलने वाली निःशुल्क सहायता योजना की दी गई जानकारी*

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई को महाकौशल फैक्ट्री कटायघाट वरगबां में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिविर में उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुये प्रत्येक मजदूर से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आव्हान किया। उन्होंमने कहा कि यदि उन्हें अपने अधिकारों को संरक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। उन्हों्ने श्रमिकों को टोल फ्री नं. 15100 के बारे में बताते हुये म.प्र.



शासन द्वारा श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हौंने श्रमिकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिये भी कहा। उन्होंयने यह भी कहा कि यदि रजिस्ट्रेशन कराने में किसी श्रमिक को कोई समस्या आती है, तो वे श्रम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा श्रमिकों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक प्राप्त है। इस अवसर पर श्रम अधिकारी केबी मिश्रा, लेबर ऑफीसर एसपी सिंह, आराधना तिवारी पैरालीगल वालेंटियर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहें।

## नरवाई जलाने वाले 15 कृषकों पर 72 हजार का दंड अधिरोपित

**शहडोल, हरिभूमि न्यूज।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नायब तहसीलदार बरबसपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पिपरिया तहसील मानपुर के 15 कृषकों व्दारा आदेश प्रसारित करने के बाद भी नरवाई को जलाने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 233 के तहत 72 हजार 500 रूपये का दंड अधिरोपित किया है। जिन 15 कृषको पर दंड अधिरोपित किया गया है कि सुनील पिता रामावातार तिवारी पर 15 हजार रूपये, रामानुज पिता मनोहर राम ब्राम्हण पर 2500 रूपये, अवधेश प्रसाद पिता सुदर्शन प्रसाद पर 2500 रूपये , गंगाराम राय पिता माधव प्रसाद राय पर 2500 रूपये , गुरूचरण पिता चुटुवा यादव पर पांच हजार रूपये, गोरे लाल पिता शिवचरण यादव पर 2500 रूपये , संतो बेवा कंछेदी यादव पर 2500 रूपये , हेतराम पिता परसादी साहू पर पांच हजार रूपये, सोने लाल पिता बुसुआ साहू पर 2500 रूपये, अजीत पिता दस्सू साहू पर 2500 रूपये , कुसुम पिता शंकर राम व्दिवेदी पर 2500 रूपये , बंदना पति शुभम व्दिवेदी पर 2500 रूपये, रामलाल पिता जीवनलाल व्दिवेदी पर 15 हजार रूपये , राम प्रमोद पिता रोहणी प्रसाद व्दिवेदी पर पांच हजार रूपये तथा राम प्रसाद पिता रोहणी प्रसाद व्दिवेदी पर पांच हजार रूपये का दंड अधिरोपित किया गया है ।

### 7500 रूपये अर्थदंड अधिरोपित

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने तहसीलदार बांधवगढ़ से मिले प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम महरोई तहसील बांधवगढ़ के तीन कृषकों व्दारा आदेश प्रसारित करने के बाद भी नरवाई को जलाने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 233 के तहत 7500 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। जिन तीन कृषकों पर अर्थ दंड अधिरोपित किया गया है उनमें केषरी पुत्र जग्गू लोहार पर 2500 रूपये, टीकाराम पुत्र कमला विष्वकर्मा पर 2500 रूपये तथा पुरूर्षोत्तम राठौर पर 2500 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

## माता पिता का साया छिनने के बाद संबल योजना बनी नन्हीं आशियाना का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जीवन में कई बार विपरीत परिस्थितियाँ आकर हमें तोड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन सही समय पर मिला सहारा नई राह दिखा सकता है। ऐसी ही एक कहानी है, आशियाना की। आशियाना जिले के पिलौंजी गांव की रहने वाली 11 वर्ष की बच्ची है। जिसके सिर से मां-बाप का साया छिनने के बाद मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना ने न केवल सहारा दिया, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित किया।

आशियाना अपने माता-पिता की संतानों में बड़ी बेटी है। उसकी एक छोटी बहन भी है। खेलने-कूदने और पढ़ने की उम्र में आशियाना के जीवन में पहली चुनौती तब आई जब उसकी मां का साया उसके सिर से छिन गया। जैसे-तैसे उसके पिता अवधेश प्रसाद अवस्थीं अपनी दोनों बच्चियों का लालन-पालन कर रहे थे। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। एक दिन अचानक अवधेश की तबियत बिगड़ गई। उन्हेंछ उल्टीी-दस्तथ होने लगे। आनन-फानन में उन्हें। कटनी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उनकी तबियत में खास सुधार नहीं हुआ। आराम न मिलने पर उन्हें जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान अवधेश ने दम तोड़ दिया। इस घटना ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक रूप से तोड़ दिया।

अवधेश अवस्थी् का नाम मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना 2.0 में पंजीकृत था। उनकी मृत्यु के बाद योजना के तहत मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि आशियाना अवस्थीह के खाते में जमा कराई। इस राशि से दोनों बच्चियों के भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी।



**कलेक्टर ने बरनमहगवां पहुंच कर, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं**

# कॉलेज के पास संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विकासखण्डर बड़वारा के ग्राम पंचायत बरनमहगवां में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंच कर, ग्रामीणों की समस्याोयें सुनी। यहां 91 आवेदकों ने कलेक्टर श्री यादव को अपनी समस्यामयें सुनाईं, जिस पर कलेक्टंर ने अधिकारियों को इनके निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान ज़िला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलाई, तहसीलदार बरही नितिन पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसुनवाई के दौरान बड़वारा विधायक ने माध्य मिक शाला रूपौंद में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका की ओर से कलेक्ट र श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि शिक्षिका श्रीमती नीलम मिश्रा ने अपने एनपीएस खाते से आंशिक निकासी हेतु 17 मार्च 2025 को आवेदन किया था। परंतु राशि एनपीएस खाते से तो कट गई परंतु बैंक खाते में नहीं आई। कोषालय कार्यालय कटनी में भी कई बार संपर्क करने पर कार्यालय द्वारा इस ओर ध्या न नहीं दिया गया। इस पर कलेक्टुर श्री यादव ने जिला कोषालय अधिकारी को शिकायत के उचित निराकरण के निर्देश दिए।



ग्राम पंचायत हदरहटा निवासी रामस्वंरूप काछी पिता जगदीश प्रसाद काछी ने कलेक्टेर श्री यादव को आवेदन देते हुये कहा कि मेरी भूमि जिसका खसरा नं. 479/2 है। इस भूमि में विगत 10 वर्षों से 50 यूके लिप्टिस के पेड़ मौजूद है, जो कि वर्तमान खसरे में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। इन्हेंष खसरे में प्रदर्शित करवाना चाहता हूँ। इस पर कलेक्टरर श्री यादव ने एसडीएम को मौके का निरीक्षण करवाकर स्थिति अनुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बरही कम्प्यूटर साइंस एण्ड जर्नलिज्मन इंस्टीनट्यूट के छात्र- छात्राओं ने कलेक्टजर श्री यादव को आवेदन देते हुये कॉलेज के पास संचालित हो रही शराब दुकान को वहां से दूर हटवाने की मांग की। जिस पर कलेक्ट्र श्री यादव ने जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत पर निर्धारित समयावधि में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बरनमहगवां निवासी जानकी बाई पति स्वा. दनई राम ने आवेदन देते हुये कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति अच्छीं नहीं है एवं मेरी आजीविका का साधन पेंशन है। मेरे घर में औसत से अधिक बिजली का बिल आ रहा है इसलिए मेरा बिल माफ करवायें। जिस पर कलेक्टनर श्री यादव ने बिजली विभाग को निश्चित समय-सीमा मे नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदक बरनमहगवां निवासी फूल सिंह गोड़ ने भी बिजली का बिल माफ करने हेतु कलेक्ट र श्री यादव को आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टुर श्री यादव ने बिजली विभाग को समय-सीमा में उचित निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम खन्नाा निवासी 48 वर्षीय हैरिसन जूलियस ने आवेदन देते हुये कलेक्टरर श्री यादव को बताया कि मैं दोनों कानो से श्रवण बाधित विकलांग हूँ। मैं लोगों के घरों से जहरीले जीव-जन्तु पकड़कर लोगों की जान बचाता हूँ एवं बदले में जो राशि मुझे मिलती है मैं इसी से अपना एवं भांजे का जीवनयापन करता हूँ।

पिछले वर्ष वन विभाग द्वारा जहरीले सांप, अजगर एवं बंदर आदि पकड़ने के लिए मुझे रखा गया था। परंतु मुझे अचानक निकाल दिया गया है। जिससे जीवनयापन कठिन हो गया है। मुझे इस कार्य के अतिरिक्तद अन्यह कोई कार्य नहीं आता। इसलिए मुझे वापस वन विभाग में रखवायें। जिस पर कलेक्ट र श्री यादव ने वनमंडलाधिकारी को निश्चित समय-सीमा में समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### भगवान की प्रतिमा ही चोरी कर ले गए चोर

**कटनी।** चोर बदमाश घर, दुकान, प्रतिष्ठान, स्कूलों के साथ अब मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। उमरियापान गांव में भगवान विष्णु की दुर्लभ मूर्ति चोरी हो गई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जनपद सदस्य शैलेंद्र पौराणिक ने बताया कि दो साल पहले तालाब खुदाई के दौरान दुर्लभ भगवान विष्णु की प्रतिमा निकली थी। बीती रात अज्ञात कुछ बदमाशों ने चोरी कर लिया। घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आगे बताया कि गांव में लगातार घरों और दुकानों में चोरी की वारदात होती रही है। लेकिन अब तो चोरों ने मंदिर तक को नहीं छोड़ा और भगवान की प्रतिमा चोरी कर ली। पुलिस प्रशासन ने अगर जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

# विधायक संजय पाठक के कर्मचारी गोयनका ने रची कंपनी हड़पने की साजिश

## कंपनी के डायरेक्टरों के गिरफ्तारी को रोकने आईजी के पत्र पर हाईकोर्ट ने जताई हैरानी

## सनमति जैन व सुनील अग्रवाल के गिरफ्तारी को लेकर कटनी पुलिस का कोतमा में डेरा

## कंपनी हड़पने की साजिश हुई नाकाम

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





करोड़ों अरबों रुपये की हेराफेरी धोखाधड़ी करने जैसे संगीन आरोप कोतमा निवासी महेंद्र गोयनका सनमति जैन सुनील अग्रवाल पर लगे है। आज भले ही महेंद्र गोयनका रायपुर छत्तीसगढ़ में निवास कर रहा है लेकिन जन्म स्थान तो कोतमा ही है। बता दें कि कटनी की एक इस्पात कंपनी हड़पने का मास्टर माइंड महेन्द्र गोयनका की साजिश नाकाम हो गई है। कटनी मे विजय राघवगढ़ भाजपा विधायक संजय पाठक का पूर्व कर्मचारी रह चुका महेंद्र गोयनका कंपनी हड़पने का यह पूरा ताना बाना रचा था इस साजिश में शामिल कंपनी के 4 डायरेक्टरों की अपील हाईकोर्ट से खारिज हो गई है।

### आईजी की भूमिका संदेहास्पद

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आरोपी सनमति जैन सुनील अग्रवाल आईजी द्वारा किये गए रिचार्ज पर ही कोतमा सहित अन्य जगह घूम फिर रहें थे। अब आईजी साहब ने कितने में रिचार्ज किया था ये रिचार्ज करवाने वाले ही बता सकतें है जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायाधीश विवेक जैन की युगलपीठ ने अपनें विस्तृत फैसले में कहा है कि आईजी वरिष्ठ अधिकारी होने के नाते सिर्फ मामलें का विवेचना अधिकारी बदल सकते हैं, लेकिन अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद वे आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं रोक सकते। इसके साथ ही युगलपीठ ने डायरेक्टरों की अपील को खारिज कर दिया जिन पर महेन्द्र गोयनका के इशारे पर कटनी की एक कंपनी को हड़पने का आरोप लगा है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मामले में फरार चल रहे कंपनी के तीनों डायरेक्टरों की गिरफ्तारी होगी। गौरतलब है कि कटनी माधव नगर में रहने वालें हरनीत सिंह लाम्बा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके जबलपुर आईजी के 9 अक्टूबर 2024 के उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट तक से अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त होने के बावजूद जबलपुर आईजी ने कटनी हरगढ़ में स्थित यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया लिमिटेड छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहने वाले डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल की गिरफ्तारी न करने के निर्देश दिए गए थे। बीते 22 अप्रैल को आईजी के 9 अक्टूबर 2024 को जारी पत्र को आड़े हाथों लेते हुए जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने न सिर्फ आईजी को तलब किया था, बल्कि कंपनी की रायपुर में 24 अप्रैल को होने वाली एनुअल जनरल मीटिंग को रोकने के भी निर्देश डीजीपी को दिए थे। एकलपीठ के इसी फैसले को चुनौती देकर डायरेक्टर हिमान्शु श्रीवास्तव की ओर से यह अपील हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी। अपील पर हुई सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता हरनीत सिंह लाम्बा की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह व सुश्री शमिला इरम फातिमा व राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली हाजिर हुए! सुनवाई के बाद युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखतें हुए उस पर न सिर्फ दखल से इंकार किया, बल्कि हिमान्शु श्रीवास्तव की अपील को भी खारिज कर दिया।

### अब डायरेक्टरों की गिरफ्तारी तय

अपने विस्तृत आदेश में बेंच ने कहा है कि इस मामले में कंपनी डायरेक्टर हिमान्शु श्रीवास्तव, सन्मति जैन और सुनील अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट तक से अपना भाग्य आजमाया, लेकिन उन्हें अग्रिम जमानत नहीं मिली। हर अदालत में जांच एजेन्सी का यही कहना रहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी जरूरी है। इस मामले में डायरेक्टरों से पूछताछ जरूरी है उनसे दस्तावेज भी प्राप्त करना है जिनके बिना फाईनल रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकती। चूंकि आरोपियों को देश की सबसे बड़ी अदालत तक से राहत नहीं मिली है इसलिए तीनों डायरेक्टरों को कोई भी अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती कोर्ट के इस फैसले के बाद तीनों डायरेक्टरों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। नहीं हो सकेगी कंपनी की मीटिंगअपने फैसले में हाईकोर्ट ने साफ किया है कि रायपुर में होने वाली कंपनी की एजीएम मीटिंग पर एकलपीठ ने रोक लगाई थी। फिलहाल यह विवादित है कि कंपनी डायरेक्टर पद से हरनीत सिंह लाम्बा और सुरेन्द्र सिंह सलूजा ने इस्तीफा दिया या नहीं। अभी जो इस्तीफा सामने आया है उस पर दोनों ने सवाल उठाकर एफआईआर दर्ज कराई है। चूंकि हरनीत सिंह और सुरेन्द्र सिंह एजीएम मीटिंग में शामिल नहीं हो सकते, इसलिए उस मीटिंग पर रोक लगाने का एकलपीठ का आदेश एकदम सही है। ज्ञात हो कि जांच एजेंसी कुछ दिन पूर्व कोतमा स्थित निवास मे पहुंची थी जिस दौरान आरोपी न मिलने पर उसके परिजनों से पूछताछ की थी तथा आरोपी फरार हो गया था जिस पर जांच पुलिस खाली हाथ लौट गई थी।

## खबर संक्षेप

### नेमावर हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग

सिहोरा। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा देवास जिले के नेमावर में घटित जघन्य हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच कराकर घटना में लिप्त दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र सिंह चौहान एवं विवेक तिवारी सहित घटना में शामिल अन्य आरोपियों की जांच सीबीआई से कराई जाए तथा मामले को फास्टटेक कोर्ट में निराकरण हेतु प्रस्तुत कर आरोपियों की खिलाफ मत्युदंड की सजा का निर्धारण किया जाए। पीड़ित व्यक्ति के परिवार की एक-एक करोड़ की सहायत के साथ मारे गए परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी, प्रवीण पाठक, राजेश चौबे, गौस भाई आजाद, शंकर वंशकार, शंभू गोंटिया, रामलोचन कोल, लीला बाई कोल, राजकुमार बिरहा, राजेश चक्रवर्ती, राजेश साकेत, रामगरीब, रमेश कोल, उत्तम रजक आदि शामिल थे।

### शुभंकर कॉम्प्लेक्स कल्याण समिति का हेल्थ चेकअप, रक्तदार शिविर आयोजित

जबलपुर। शुभंकर कॉम्प्लेक्स कल्याण समिति तथा सोसायटी के अध्यक्ष तथा इंडियन मेडीकल एसो. जबलपुर के सचिव डॉ. बृजेश चौधरी के तत्वावधान में शुभंकर कॉम्प्लेक्स राइट टाउन में हेल्थ चेकअप तथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक तन्खा सांसद राज्यसभा द्वारा हेल्थ चेकअप तथा रक्तदान शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में 60 से ज्यादा लोगों द्वारा 70 यूनिट रक्तदान किया गया तथा सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में शुभंकर सोसायटी तथा आईएमए के सहयोग हेतु रोटरी क्लब, विधायक विनय सक्सेना, इनर व्हील क्लब ऑफ जबलपुर जेम्स, जायंट वेलफेयर फाउंडेशन ने आभार प्रकट किया। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. दीपक साहू, डॉ. बृजेश चौधरी, डॉ. जितेन्द्र जामदार, डॉ. पवन स्थापक, डॉ. डीके तिवारी, युवा नेता अमरीश मिश्रा, शुभंकर सोसायटी के सचिव नंदकिशोर वर्मा, भट्टाचार्य, श्याम मोटवानी, सुनील यादव, राजेन्द्र पटेल, ममता पटेल, मनीष सिंह, राकेश गौतम का सहयोग रहा।

### शासकीय आयुर्वेद कॉलेज में 197 बच्चों का हुआ स्वर्ण प्राशन संस्कार

जबलपुर। शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय ग्वारीघाट में आज सोमवार को नवजात शिशु से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों को पुष्य नक्षत्र पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्वर्ण प्राशन संस्कार एवं प्रतिरक्षा औषधि वितरित की गई। इसमें 197 बच्चों को दवा पिलाने के साथ-साथ औषधि का वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. एलएल अहिरवाल के मार्गदर्शन एवं बालरोग विभाग के डॉ. गीता पांडेय तथा डॉ. सुनील कुमार जैन के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

जबलपुर। पीसी एण्ड पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक मंगलवार 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे से सेठ गोविंददास जिला चिकित्सालय स्थित सीएमएचओ कक्ष में आयोजित की गई है।

### राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई कोतमा की बैठक आज

अनूपपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर के कोतमा ब्लॉक की पहली बैठक 3 मई दिन शनिवार सुबह 11 बजे से होटल शांति बस स्टैंड रोड कोतमा में होगी जिसमें संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला एवं संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा के साथ जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला विशेष रूप से शामिल होंगे। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि बैठक में संगठन की गतिविधियों आगामी तैयारियों व रणनीति पर चर्चा की जायेगी। साथ ही संगठन की सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित करने, पत्रकारों की समस्या को दूर करने के लिए योजना और रणनीति तैयार करना, संगठन के सदस्यों और हितधारकों के साथ प्रभावी संचार करना, महत्वपूर्ण निर्णय लेना और उन्हें लागू करना, संगठन की गतिविधियों का मूल्यांकन करना और सुधार करने, संगठन के संसाधनों का प्रबंधन करना, जैसे कि वित्तीय संसाधन, मानव संसाधन आदि के साथ, संगठन के लिए जोखिमों की पहचान करना और उन्हें प्रबंधित करना, संगठन के हितधारकों के साथ संबंध बनाना और उन्हें संतुष्ट करना, संगठन में निरंतर सुधार की प्रक्रिया को बढ़ावा देना। इन कार्यों को ध्यान में रखते हुए, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और सफलता प्राप्त करने के लिए रणनीति तैयार हेतु बैठक मे चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

## एमबी पावर ने पर्यावरणीय पहलों के माध्यम से आधारभूत संरचना को बनाया सशक्त



अनूपपुर। एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड अपने पावर प्लांट से लगे गांवों में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत लगातार विकासात्मक कार्य कर रहा है। कंपनी द्वारा ग्रामीण आधारभूत संरचना और स्थानीय समुदायों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिए कई उल्लेखनीय पहलें की गई हैं। ग्राम पंचायतों की मांग पर कंपनी की सीएसआर टीम ने चार गांवों—चांदपुर (दो रंगमंच), महुदा, मुरा और गुंवारी में कुल पांच सांस्कृतिक रंगमंचों का निर्माण पूर्ण किया है। ये मंच धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर बनाए गए हैं, जो अब दुर्गा पूजा, गणेश उत्सव तथा अन्य पारंपरिक आयोजनों के लिए प्रमुख स्थल बन चुके हैं। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग की निरंतरता की आशा जताई है। इसके अतिरिक्त, मुरा गांव में वर्षों पहले एमबी पावर द्वारा बनाए गए गणेश पंडाल का जीर्णोद्धार भी कंपनी द्वारा किया गया है। इस कार्य ने न केवल एक सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित किया है, बल्कि कंपनी और समुदाय के बीच संबंधों को भी और प्रगाढ़ किया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस वर्ष मुरा गांव के जुनवानी तालाब का गहरीकरण एवं सफाई कार्य एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप रहा। समय के साथ तालाब में गाद भर जाने से यह दैनिक उपयोग, मवेशियों के पीने के पानी, अंतिम संस्कार आदि जैसे कार्यों के लिए अनुपयोगी हो गया था। ग्राम पंचायत के सहयोग से सीएसआर टीम ने सफलतापूर्वक इसका कायाकल्प किया। आगामी मानसून में यह तालाब भरकर आस-पास के गांवों के लोगों को घरेलू, सिंचाई और धार्मिक उपयोग के लिए पर्याप्त जल प्रदान करेगा। सीएसआर प्रमुख सत्यम सलील ने कहा, "एमबी पावर में हमारा मानना है कि सीएसआर केवल संरचना निर्माण तक सीमित नहीं है, यह समुदायों के साथ स्थायी संबंध और दीर्घकालिक मूल्य निर्माण का माध्यम है। रंगमंचों का निर्माण और तालाब का पुनर्जीवन स्थानीय ग्रामीणों के साथ साझेदारी का परिणाम है। पूर्व में भी कंपनी द्वारा गांवों में सड़कों का निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, विद्यालय और मंदिर परिसरों की चारदीवारी, आंगनवाड़ी केंद्र, हैंडपंप, सोलर और पारंपरिक लाइटिंग जैसी कई जनहितकारी परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। जल संरक्षण के लिए तालाबों के गहरीकरण जैसे कार्यों को भी कंपनी ने प्राथमिकता दी है। एमबी पावर की इन निरंतर पहलों से ग्रामीणों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत हुई है और वे कंपनी को अपने विकास के प्रति एक प्रतिबद्ध भागीदार के रूप में देखते हैं।


## संतोष के काले कारनामे का कच्चा चिट्ठा पहुंचा कलेक्ट्रेट

# फर्जी शिक्षक पर लटक रही कार्यवाही की तलवार





हरिभूमि
बेईमानी का पाठ पढ शिक्षा के मंदिर की छवि धूमिल कर रहा संतोष



### जल्द होगा मामले का पटाक्षेप, मामला फर्जी जाति प्रमाण पत्र के दम पर नौकरी हथियाने का

राजेन्द्र ग्राम।

आदिवासी बाहुल्य पुष्पराजगढ़ में फर्जी आदिवासी बनकर जाति प्रमाण पत्र बनवा कर उसके दम पर सरकारी कर्मचारी हथियाकर मलाई छानने वाले संतोष सुरेश्वर के नौकरी की उल्टी गिनती शुरू हो गई है क्योंकि उसके द्वारा किये गये काले कारनामे का कच्चा चिट्ठा जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान अनूपपुर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग समेत कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच चुका है जिस पर बहुत जल्द बडी कार्यवाही के संकेत जिम्मेदारों से मिले हैं।

### यह है संतोष सुरेश्वर की पूरी कहानी

जानकारी के अनुसार संतोष सुरेश्वर की पढ़ाई का स्तर शुरू से ही कमजोर था। इन्होंने बप्पा बनवासी सेवा मंडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोंदर से अनुत्तीर्ण होकर अनुदान प्राप्त संस्था रानी अवंतीबाई हाई स्कूल में 1996 में प्रवेश लेकर कक्षा दसवीं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण किया, सन 1999 में जनता हायर सेकेंडरी स्कूल अंतरेला रीवा से कक्षा 12वीं तथा वर्ष 2002 में विद्यासागर कॉलेज जवा रीवा से स्नातक (विज्ञान) से उत्तीर्ण किया सन -2007 में डी.एड. की डिग्री भोज विश्वविद्यालय भोपाल से की है। माध्यमिक शाला बधार, संकुल केंद्र राजेन्द्रग्राम मे संविदा शिक्षक के पद पर पदस्थ संतोष सुरेश्वर (आरक्षित वर्ग) पिता सुखराम सुरेश्वर जाति पनिका जो मूल रूप से ग्राम पो० बछरगांव (झगड़ी टोला) तह० बजाग जिला डिंडौरी (म.प्र.) के निवासी हैं। जहां पनिका जाति ओबीसी श्रेणी में आता है।

### षडंयत्र पूर्वक बनवाया जाति प्रमाण पत्र

संतोष सुरेश्वर ने तहसील पुष्पराजगढ़ से कूटरचित तथा षडंयत्रपूर्वक अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र जारी करवाकर सरकारी सेवा का लाभ अर्जित किया है। इस मामले मे दैनिक हरिभूमि ने 29.04.2025 को ''बेईमानी का पाठ पढ शिक्षा के मंदिर की छवि धूमिल कर रहा संतोष'' हेडलाइन से खबर का प्रकाशन कर जिम्मेदारों को कार्यवाही के लिए ध्यानाकर्षण करवाया जिस पर निष्पक्ष ढंग से त्वरित व कडी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। वही फर्जी शिक्षक के काले कारनामे की पूरी कहानी संबंधित विभागों तक पहुंच चुकी है जिसमे भी कार्यवाही के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, कुछ दिन इंतजार के बाद इस मामले मे बडा फैसला सामने आयेगा। शिकायतकर्ता हरिभूमि राजेन्द्रग्राम के संवाददाता पूरन सिंह चंदेल ने बताया कि किसी भी व्यक्ति के डिजिटल जाति प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया बहुत कठिन है लेकिन फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए कार्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) पुष्पराजगढ बहुत ही सरलता एवं सुलभता का उदाहरण है। जिसके कारण एक दो नहीं ऐसे हजारो फर्जी प्रमाण पत्रों का ताँता लगा हुआ है। ऐसे भ्रष्ट एसडीएम, पटवारी तथा जो भी इस फर्जीवाड़ा में शामिल है, उन पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करा कर इस मामले की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराई जाये साथ ही उन भूमि स्वामियों को सह अपराधी बनाया जाये जो इस फर्जीवाड़े के खेल में सहयोग करते है या किये है और दोषी पाये जाने पर कठोर एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करवाई जाये।

### यह है फर्जी जाति प्रमाण पत्र की कहानी

संतोष सुरेश्वर की पैतृक भूमि ग्राम- बच्छरगांव माल (झगड़ी टोला) जिला डिंडौरी में है, जिसे इन्होंने अपने चाचा बालक दास पिता मोहन को जो बिजली विभाग मे लाइनमैन थे उनके लड़के गणेशराम को बिक्री कर, साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य ग्राम मौहरी, राजस्व निरीक्षक गिरारी, तहसील- पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर में सम्हर पिता दरछल पनिका को बहला फुसलाकर छलपूर्वक इनके भूखंड में अपने पिता का नाम अर्थात सुखराम पिता मोहन दास जोड़ लिया गया, इतना ही नहीं संभर पिता दरछल के स्थान पर इन्होंने अपने पिता मोहनदास अर्थात सम्हर पिता मोहन दास लिखाकर इस फर्जीवाडे को अंजाम दिया। संतोष सुरेश्वर के पिता सुखराम दास का निधन 10 नवंबर 2024 को हुआ। इनकी मृत्यु के बाद जब पटवारी के द्वारा फौती नामांतरण की प्रक्रिया शुरू हुई तब जाकर ग्राम मौहरी निवासी जियालाल पिता सम्हर पिता दरछल पनिका हरिभूमि को बताया कि हमारे पिताजी को इन्होंने बहला फुसलाकर अपना नाम जुड़वाया था। यह कहकर कि हमे आपकी जमीन से कोई लेना-देना नहीं है केवल हमारा जाति और निवास प्रमाण पत्र बन जाए, इसके लिए हम केवल सजरा बनाना चाहते हैं। जैसे ही कागज बन जायेगा हम अपना नाम कटवा लेंगेए लेकिन इन्होंने अपना नाम नही कटवाया और अब फौती में संतोष का नाम चढ़ रहा है जिससे हमारे और हमारे बच्चों का हक मारा जा रहा है।

# जमुना कोतमा क्षेत्र को मिला प्रथम सीएसआर पुरस्कार



जमुना/कोतमा।

जिले के साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा जमुना कोतमा क्षेत्र को वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट सीएसआर कार्यों के लिए प्रथम सीएसआर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एसईसीएल द्वारा जमुना कोतमा क्षेत्र के स्थापना के बाद से यह पहला अवसर है जब जमुना कोतमा क्षेत्र को सीएसआर पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार जमुना कोतमा क्षेत्र को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में 1 मई 2025 को कॉर्पोरेट स्तरीय खनिक दिवस समारोह के दौरान वार्षिक शिखर कॉर्पोरेट पुरस्कार के अंतर्गत प्रदान किया गया है। यह सीएसआर पुरस्कार जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी और सीएसआर नोडल अधिकारी डॉ. सतीश कुमार द्वारा प्राप्त किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान उनके साथ आमाडांड उपक्षेत्रीय प्रबंधक विपिन कुमार, योजना-परियोजना विभाग के स्टाफ ऑफिसर विजय सिंह, मानव संसाधन विभाग के उपप्रबंधक जयंत राहुल, उपप्रबंधक खनन फैज़ अली, सहायक प्रबंधक खनन मुजफ्फर हुसैन भी उपस्थित थे।

### सीएसआर के इन कार्यों के तहत मिला प्रथम स्थान पुरस्कार

जमुना कोतमा क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला खदानों से प्रभावित गांवों और क्षेत्र की जनता के लिए कई महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाएं संपन्न की हैं। इसमें अनूपपुर जिले के 84 हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना और विज्ञान प्रयोगशालाओं का उन्नयन, लतार गांव में पहुंच मार्ग का निर्माण सुदृढ़ीकरण, नगर पालिका परिषद पसान को एम्बुलेंस और शव वाहन उपलब्ध कराना, निमहा गांव में बोरवेल की खुदाई कर सबमर्सिबल पंप लगाना, बदरा गांव के शासकीय नर्सरी में पाइपलाइन बिछाकर पौधों को जल प्रदान करना, शासकीय माध्यमिक विद्यालय बेल्हापयारी को क्लासरूम डेस्क और कंप्यूटर उपलब्ध कराना, शिक्षकों को प्रेरक शिक्षक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन अनूपपुर को वित्तीय सहायता प्रदान करना आदि शामिल हैं। खनिक दिवस के इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेशक वित्त डी. सुनील कुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन की उपस्थिति मे यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

## रेलवे मजदूर ने श्रमिक सम्मान समारोह किया आयोजित



अनूपपुर। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर शाखा अनूपपुर ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिक सम्मान समारोह अनूपपुर कार्यालय में आयोजित किया। कार्यक्रम में के मुख्य अतिथि वरिष्ठ ट्रैक मेंटेनर अनूपपुर चलपती राव रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव रहे, विशिष्ट अतिथि चैतन्य मिश्रा, सीटीआई एस के कोरी व रामबली, जिला कांग्रेस के उमेश राय, कार्यालय मंत्री सत्येंद्र दुबे रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा कोषाध्यक्ष सदाशिव पांडेय द्वारा किया गया ।श्रमिक सम्मान समारोह की शुभारंभ वरीष्ठ ट्रैक मेंटेनर अनूपपुर चलपती राव का शाल श्रीफल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला सफाई कर्मचारी का सम्मान मजदूर कांग्रेस द्वारा शाल श्रीफल से किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागों के रेल कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया, युवा रेल कर्मचारी सम्मान कमर्शियल विभाग के मणि मधुकर को दिया गया मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कहा कि मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देश के तहत रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मई दिवस पर रेल कर्मचारियों का सम्मान के साथ असंगठित क्षेत्र के रेल कर्मचारियों की समस्याओं को निराकरण एवं उनको जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार राय, सचिव जयंतोदास गुप्ता, सहायक सचिव संजीव राव, के व्हि आर मूर्ति, थानू सिंह, अजहर मंसूरी, मनीष यादव, सुर्याराव, कृष्णा राव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

